# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 517 वर्ष 41 — राँची, 30 जून, 2017

## सीसीएल में विश्व पर्यावरण दिवस



सीएमडी श्री गोपाल सिंह उपस्थित सभी कर्मियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाते हुए

विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून को मुख्यालय, गांधीनगर अस्पताल, रांची सहित सभी क्षेत्रों में मनाया गया। मुख्यालय में सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने पर्यावरण ध्वज को फहराया, साथ ही निदेशक (वित्त) श्री डी.के. घोष, निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, निदेशक (तक./संचा.) श्री सुबीर चन्द्रा, निदेशक (यो./परि.) श्री ए.के. मिश्रा एवं सीसीएल कर्मियों की उपस्थिति में कोल इंडिया अध्यक्ष का पर्यावरण संरक्षण संदेश पढ़ा गया। सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने उपस्थित सभी कर्मियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई।

सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी खनन प्रक्रिया से वन को जितनी क्षति पहुंचती है उसे अधिकाधिक वृक्षारोपण कर इसकी पूर्ति करते हुए प्राकृतिक संपदा को सुरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य और दायित्व है। श्री सिंह ने कहा कि वर्तमान एवं भविष्य के विकास के लिए मानव क्रियाकलापों के विपरीत प्रभावों को नियंत्रित करने हेतु सीसीएल वृहद परिवार का सर्वथा प्रयास रहा है और आगे भी रहेगा। श्री सिंह ने घोषणा की कि आगामी 30 सितम्बर तक सीसीएल अपने कमांड क्षेत्र एवं अन्य स्थानों में 3 लाख पौधा–रोपण करेगा, जिसमें अधिकांश फलदार पौधों का रोपण किया जायेगा।

इस अवसर पर दिवंगत पर्यावरण मंत्री श्री अनिल माधव दवे की स्मृति में मुख्यालय के "हर्बल गार्डेन" में सीएमडी तथा निदेशकों ने औषधीय पौधों का रोपण किया। सीसीएल के सभी क्षेत्रों में भी "हर्बल गार्डेन" का विकास किया जा रहा है। इस अवसर पर गांधीनगर एवं राजेन्द्रनगर कॉलोनी में पर्यावरण विभाग द्वारा पौधा वितरण किया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस के अंतर्गत 06 जून को सीसीएल मुख्यालय स्थित



सीएमडी श्री गोपाल सिंह पौधारोपण करते हुए साथ में निदेशकगण एवं अन्य

"विचार मंच" में पेंटिंग तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता का थीम "पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण" जबकि निबंध प्रतियोगिता का विषय "लोगों को प्रकृति से जोड़ें" था। जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने भाग लिया। सभी वर्ग से सफल प्रतिभागियों को 07 जून को समापन समारोह सह पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कृत किया गया।

## "सीसीएल के लाल" आईआईटी प्रवेश परीक्षा में सफल

"सीसीएल के लाल" आईआईटी प्रवेश परीक्षा में सफल होकर सीसीएल की महत्वाकांक्षी योजना "सीसीएल के लाल" के 2015–17 बैच के 05 बच्चों ने हौसलों की उड़ान भरी है छात्र – अमर कुमार अग्रवाल, कुणाल कुमार प्रसाद, पीताम्बर अग्रवाल, विवेक कुमार मेहता एवं लखिराज ने आईआईटी



सीसीएल के लाल के छात्र अपने प्रक्षिकों के साथ

प्रवेश परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एक नया इतिहास रचा है। इस वर्ष 07 छात्रों ने जेईई एडवांस के लिए क्वालिफाई किया था, जिसमें से 05 ने आईआईटी प्रवेश परीक्षा में सफलता दर्ज कर कीर्तिमान स्थापित किया। सभी छात्रों ने अपनी मेहनत तथा सीसीएल के सीएमडी श्री गोपाल सिंह और प्रबंधन के साथ–साथ अपने प्रशिक्षक (जो सीसीएल के अधिकारी और आईआईटीयन हैं) के प्रति आभार व्यक्त किया। सीएमडी श्री गोपाल सिंह इन सभी छात्रों को आईआईटी प्रवेश परीक्षा में सफल होने पर बधाई दी और कहा कि बच्चों ने अथक परिश्रम किया और उन्हें उसका फल भी प्राप्त हुआ। सीसीएल के सभी निदेशगण, सीवीओ तथा अन्य ने भी छात्रों को शुभकामनांए एवं बधाई दी।

## दावत–ए–इफ्तार का आयोजन

मुख्यालय, रांची के "विचार मंच" में विगत 22 जून को रमजान–उल–मुबारक के मौके पर दावत–ए–इफ्तार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र ने इस अवसर पर सभी लोगों को सी.सी.एल. परिवार की ओर से शांति और समृद्धि की




निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र एवं अन्य

शुभकामनाएँ दी तथा ईद–उल–फितर की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि सामूहिक भागीदारी से साम्प्रदायिक सौहार्द और एकता बढ़ती है। श्री महापात्र ने कहा कि सीसीएल में हम भाई–चारे और आपसी सदभव से कार्य करते हैं और हमारी तरक्की का यहीं कारण है।

विशिष्ट अतिथि मौलाना उबैदुल्लाह अजहर मुफ्ती ने पाक रमजान के महीने में रोजे की महत्ता और पाक कुरान के संदेशों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रमजान हमें सिखाता है कि हमें अपने रिश्तेदारों, पड़ोसियों एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को मदद करनी चाहिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर आपसी भाई–चारा एवं साम्प्रदायिक सौहार्द का परिचय दिया।

## अंतराष्ट्रीय योग दिवस

विगत 21 जून को मुख्यालय, रांची के साथ सभी क्षेत्रों में "अंतराष्ट्रीय योग दिवस" मनाया गया। सी.सी.एल. गांधीनगर में आयोजित "मेगा योग शिविर" में योगाचार्य श्री प्रीतम ने सी.सी.एल. कर्मियों एवं बच्चों को योग की विभिन्न मुद्राओं का योगाभ्यास कराया। इस "योग शिविर" में सीएमडी सीसीएल की धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह, निदेशक(वित्त) श्री डी.के. घोष, निदेशक(कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता महापात्र, निदेशक (तक./संचा.) श्री सुबीर चन्द्रा तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रीता रेखा चन्द्रा, निदेशक (योजना/परियोजना) श्री ए.के. मिश्रा तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पूनम मिश्रा, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारी, केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर के चिकित्सक, जेएसएसपीएस के




जेएसएसपीएस के बच्चे योगाभ्यास के दौरान पिरामीड का निर्माण करते हुए।

बच्चे, डीएवी एवं ज्ञानोदय स्कूल के बच्चों सहित सी.सी.एल. कर्मियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर जेएसएसपीएस के बच्चों ने योग की कठिन मुद्राओं का प्रदर्शन किया जिसमें पिरामीड का निर्माण, योग का आकार, सूर्य नमस्कार आदि प्रमुख था जिसे उपस्थित सभी ने तालियो की गड़गड़ाहट के साथ उनका उत्साहवर्द्धन किया।

## कोयला उपभोक्ता मीट का आयोजन

विगत 23 जून को सीसीएल द्वारा कोयला उपभोक्ता मीट का आयोजन विचार मंच में किया गया। कार्यक्रम में गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) पर विस्तार से परिचर्चा की गई। सीसीएल ने अपने कोयला उपभोक्ताओं से 26 जून तक जीएसटी में पंजीकरण नम्बर जमा करने का निर्देश दिया ताकि बिना रूकावट के कोयला की आपूर्ति जीएसटी नियम के अंतर्गत 01 जुलाई से किया जा सके। उपभोक्ता मीट में सीसीएल के श्री ए.एल



जीएसटी के बारे में बताते हुए सीसीएल अधिकारी।

ठक्कर, मुख्य प्रबंधक (वित्त) एवं श्री संजय कुमार सिंह, प्रबंधक (वित्त) ने उपस्थित उपभोक्ताओं को जीएसटी के बारे में पावर प्वाइंट के माध्यम से विस्तारपूर्वक बताया और जीएसटी से होने वाले लाभ, निबंधन, कर भुगतान और रिटर्न विवरण दाखिल करने से संबंधित जानकारी दी। जीएसटी के तहत उन सभी व्यवसायी, उत्पादक या सेवा प्रदाता को रजिस्टर्ड होना होगा जिन की वर्षभर में कुल बिक्री का मूल्य एक निश्चित मूल्य से ज्यादा है। श्री ठक्कर ने कहा कि जीएसटी एक एकीकृत कर है जो वस्तुओं और सेवाओं दोनों पर लगेगा। श्री संजय कुमार सिंह ने कहा कि जीएसटी लागू होने से उपभोक्ताओं को केवल एक ही प्रकार के कानून का पालन करना होगा जिससे भारत में व्यवसाय में सरलता आयेगी।

सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, सहायक प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)